**1 (Sem–6/FYUGP) HIN 62 MJ**

**2026**

HINDI

( Major )

Paper : HIN0600204

**( हिन्दी कथा-साहित्य )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 2½ hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'मैला आँचल' के उपन्यासकार कौन हैं?

(ख) मन्नू भंडारी विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में किस पीठ के अध्यक्ष पद पर आसीन थीं?

(ग) 'खंडहर की आत्माएँ' कहानी-संग्रह के लेखक कौन हैं?

(घ) 'त्यागपत्र' उपन्यास का प्रकाशन सन् क्या है?

(ङ) 'जैनेन्द्र कुमार' के प्रथम उपन्यास का नाम क्या है?

(च) 'आकाशदीप' कहानी का प्रकाशन सन् क्या है?

(छ) 'पाजेब' कहानी के कहानीकार कौन हैं?

(ज) 'दिव्या' उपन्यास के उपन्यासकार कौन हैं?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छः के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) "तेरी कुड़माई हो गई?" ऐसा किसने, किससे पूछा था?

(ख) 'त्यागपत्र' उपन्यास के दो पुरुष-पात्रों के नाम लिखिए।

(ग) बंटी की किन्हीं दो चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) उपन्यास की एक सर्वसम्मत परिभाषा लिखिए।

(ङ) कहानी की एक सर्वसम्मत परिभाषा लिखिए।

(च) 'कहानी का प्लॉट' कहानी का मुख्य विषय क्या है?

(छ) हिन्दी का पहला मौलिक उपन्यास किसे माना गया है? इसके लेखक कौन हैं?

(ज) ज्ञानरंजन द्वारा लिखित 'पिता' कहानी में पिता के चरित्र की एक विशेषता लिखिए।

(झ) उपन्यास के दो प्रमुख तत्त्व कौन-कौन से हैं?

(ञ) यशपाल द्वारा लिखित किन्हीं दो कहानियों के नाम लिखिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) कहानी और उपन्यास में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'सिक्का बदल गया' कहानी में चित्रित देश-विभाजन की त्रासदी का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(ग) 'हार की जीत' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'आपका बंटी' उपन्यास के नामकरण पर विचार कीजिए।

(ङ) 'त्यागपत्र' उपन्यास के 'मृणाल' की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(च) 'पूस की रात' कहानी के संदेश का खुलासा कीजिए।

(छ) उषा प्रियंवदा की लेखन-शैली पर प्रकाश डालिए।

(ज) इलाचंद्र जोशी का साहित्यिक परिचय दीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

''नहीं भाई, पाप-पुण्य की समीक्षा मुझसे न होगी। जज हूँ, कानून की तराजू की मर्यादा जानता हूँ। पर उस तराजू की जरूरत को भी जानता हूँ। इसलिए कहता हूँ कि जिनके ऊपर राई-रत्ती नाप-जोखकर पापी को पापी कहकर व्यवस्था देने का दायित्व है, वे अपनी जानें।''

(ख) कहानी-कला की दृष्टि से 'उसने कहा था' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'आकाशदीप' कहानी का संक्षिप्त कथासार अपने शब्दों में लिखिए।

(घ) हिन्दी उपन्यास के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'आपका बंटी' उपन्यास की लोकप्रियता के कारणों का खुलासा कीजिए।

★★★